# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 29 जून, 2023

## RBI का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों में और गिरावट का अनुमान

जून 2023 के लिये अपनी हालिया **वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट** (FSR) में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिये देश की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (GNPA) में और कमी का अनुमान लगाया है। **मार्च 2023 में GNPA 10 वर्ष के निचले स्तर 3.9% पर पहुँच गया है लेकिन अनुमान है कि मार्च 2024 तक यह घटकर 3.6% हो जाएगा।** बैंक ऋण में लगातार वृद्धि और गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के निम्न स्तर के साथ इस रिपोर्ट में बैंकिंग एवं व्यावसायिक क्षेत्रों की बैलेंस शीट को मज़बूत करने पर भी ज़ोर दिया गया है।**FSR देश के वित्तीय क्षेत्र की समग्र स्थिरता और स्थिति का आकलन** करता है। NPA से तात्पर्य उन ऋणों और अग्रिमों से है जिसमें**आमतौर पर उधार लेने वाले के डिफॉल्ट होने अथवा गैर-भुगतान के कारण ऋणदाता के लिये आय उत्पन्न होना बंद हो** जाता है। GNPA **वित्तीय संस्थान से प्रदान किये गए उन कुल ऋणों का योग है जो ऋण लेने वाले व्यक्तियों द्वारा डिफॉल्ट किये** जा चुके हैं।

## LRS के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड खर्च में टीसीएस की कमी

भारत सरकार ने **उदारीकृत प्रेषण योजना (LRS)** के अंतर्गत **भारत के बाहर अंतर्राष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड खर्च** को शामिल करने के अपने पूर्व निर्णय को वापस लेते हुए इसे स्थगित करने का फैसला किया है। इसका मतलब है कि अब ऐसे लेन-देन पर **स्रोत पर एकत्रित कर/TCS नहीं लगेगा**। सरकार ने उच्च प्रस्तावित स्रोत पर एकत्रित कर (TCS) दरों को लागू करने की समय-सीमा भी बढ़ा दी है, इसे 1 जुलाई से बढ़ाकर 1 अक्तूबर, 2023 कर दिया है। सभी उदारीकृत प्रेषण योजना भुगतानों पर TCS के लिये प्रति व्यक्ति **प्रति वित्तीय वर्ष 7 लाख रुपए** की सीमा अब भी लागू होगी, जिसका अर्थ है कि 7 लाख रुपए तक के प्रेषण पर कोई TCS नहीं लगेगा। इस सीमा से परे प्रेषण के उद्देश्य के आधार पर TCS की अलग-अलग दरें निर्धारित जाएंगी। TCS एक विक्रेता द्वारा देय कर है, जिसे वह कुछ वस्तुओं या सेवाओं की बिक्री के समय खरीदार से एकत्रित करता है। TCS**आयकर अधिनियम** की **धारा 206सी** द्वारा शासित है, जो उन वस्तुओं या सेवाओं को निर्दिष्ट करता है जिन पर TCS लागू है और इसकी दर भी निर्दिष्ट हैं।

**और पढ़ें... LRS के तहत भारत के बाहर अंतर्राष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड व्यय**

## एच-1बी वीज़ा धारकों के लिये कनाडा की ओपन वर्क परमिट स्ट्रीम

कनाडा **एक योजना के अंतर्गत "खुली वर्क-परमिट स्ट्रीम बना रहा है, जिसके फलस्वरूप 10,000 अमेरिकी एच-1बी वीज़ा धारकों को कनाडा में कार्य करने की अनुमति मिलेगी। एच-1बी वीज़ा एक गैर-अप्रवासी वीज़ा है जो अमेरिकी कंपनियों को विशेष विशेषज्ञता वाले विदेशी कर्मचारियों की नियुक्ति करने में सक्षम बनाता है**। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत आवेदकों को **तीन वर्ष तक के खुले वर्क-परमिट प्राप्त होंगे, जिससे उन्हें कनाडा में किसी भी नियोक्ता के लिये कार्य करने की सुविधा** मिलेगी। इस कदम से बड़ी संख्या में भारतीय तकनीकी पेशेवरों को लाभ होने की उम्मीद है जो **हाल ही में प्रमुख अमेरिकी तकनीकी कंपनियों में हुई छँटनी** से प्रभावित हुए हैं।

**और पढ़ें...एच-1बी वीज़ा , प्रौद्योगिकीय क्षेत्र में छँटनी**

## भारत का '5G एंड बियॉन्ड हैकथॉन 2023'

भारत सरकार के **दूरसंचार विभाग (DoT)** ने **'5G एंड बियॉन्ड हैकथॉन 2023'** की घोषणा की है। इस हैकथॉन का प्राथमिक उद्देश्य **भारत-केंद्रित अत्याधुनिक विचारों की संक्षिप्त सूची बनाना है, जिन्हें कार्य योग्य '5जी एंड बियॉन्ड' उत्पादों और समाधानों में परिवर्तित किया जा सकता है।** यह पूरे भारत में **नागरिकों, छात्रों, स्टार्ट-अप एवं शैक्षणिक संस्थानों के लिये खुला** है। **5G** जिसका संक्षिप्त रूप **"पाँचवीं पीढ़ी"** है, एक **वायरलेस संचार प्रौद्योगिकी** की नवीनतम पीढ़ी को संदर्भित करती है। 5G मुख्य रूप से 3 बैंड में काम करता है अर्थात् **निम्न, मध्य और उच्च आवृत्ति स्पेक्ट्रम**। इसे **4G (LTE)** जैसे अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में **तीव्र डेटा गति, कम विलंबता, अत्यधिक नेटवर्क क्षमता** और बेहतर विश्वसनीयता प्रदान करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

**और पढ़ें... 5G**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-29-june-2023